समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# बांग्लादेश से ODI सीरीज हारने के बाद पाकिस्तान मे बंवाल, Kamran Akmal ने Mohsin Naqvi पर साधा निशाना

Sanket Morankar
Published on 16 Mar 2026




Pakistan को Bangladesh के खिलाफ वनडे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है, जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट में विवाद और आलोचना का दौर शुरू हो गया है। सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 11 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज Kamran Akmal ने टीम के प्रदर्शन पर सवाल उठाते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन Mohsin Naqvi पर तीखा तंज कसा है।

मैच के बाद कामरान अकमल ने पाकिस्तान क्रिकेट की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि टीम का प्रदर्शन लगातार गिरता जा रहा है और हालात ऐसे हो गए हैं कि अब छोटी टीमें भी पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज जीतने की उम्मीद रखने लगी हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर टीम मैदान पर मैच नहीं जीत पा रही है तो क्या अब आईसीसी ट्रॉफी चुराकर घर ले जाओगे।

इस बयान के बाद पाकिस्तान क्रिकेट जगत में बहस छिड़ गई है और कई क्रिकेट विशेषज्ञ टीम की रणनीति और प्रबंधन पर सवाल उठा रहे हैं।

सीरीज के निर्णायक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 290 रन बनाए। टीम की ओर से Tanzid Hasan ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 107 रन बनाए। यह उनके वनडे करियर का पहला शतक था। इसके अलावा Litton Das ने 41 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

291 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को शुरुआत से ही दबाव का सामना करना पड़ा। हालांकि मध्यक्रम में Salman Ali Agha ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 98 गेंदों में 106 रन की बेहतरीन पारी खेली। यह उनके वनडे करियर का तीसरा शतक था, लेकिन उनकी यह पारी टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई।

आखिरी ओवर तक चले इस मुकाबले में पाकिस्तान की पूरी टीम अंतिम गेंद पर 279 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और बांग्लादेश ने 11 रन से मुकाबला जीत लिया।

बांग्लादेश की जीत में तेज गेंदबाज Taskin Ahmed ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने चार विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को बड़ा झटका दिया। उनके अलावा Mustafizur Rahman और Nahid Rana ने भी महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम की जीत में योगदान दिया।

इस सीरीज में पाकिस्तान की टीम में कई नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया था, लेकिन टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के कारण टीम लगातार दबाव में रही।

अब इस हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में कई सवाल उठने लगे हैं। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले बड़े टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान टीम को अपने प्रदर्शन और रणनीति में सुधार करना होगा, नहीं तो भविष्य में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.